दैनिक

# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 76 ( भोपाल: वर्ष 37 अंक 337, पृष्ठ 8 ) | रविवार 6 नवंबर 2022 | राजधानी संस्करण. कीमत: रु.3:00 | www:naiduniaonline.com


**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | ↑ 33.8° | ↓ 17.5° |
| इंदौर | ↑ 33.2° | ↓ 19.0° |
| ग्वालियर | ↑ 34.6° | ↓ 17.3° |
| जबलपुर | ↑ 32.9° | ↓ 17.2° |

सूर्योदय- 6.28 सूर्यास्त-5.40



ऑस्ट्रेलिया में परफॉर्म.... 7

**खास खबर**

### कांग्रेस ने हिमाचल में जारी किया घोषणापत्र

**शिमला ( एजेंसी )।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने पुरानी पेंशन योजना, 30 यूनिट मुफ्त बिजली और प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में 10 करोड़ 'स्टार्टअप निधि' देने का वादा किया है। घोषणापत्र जारी करने के मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एसआईसीसी) के हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस समिति के पूर्व प्रमुख सुखविंदर सिंह सुक्खू और एआईसीसी सचिव तेजिंदर पाल बिट्टू तथा मनीष चतरथ भी मौजूद थे।

### अवमानना मामले में केन्याई-भारतीय को एक साल की जेल

**नयी दिल्ली( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेशों की जानबूझ कर अवज्ञा किये जाने पर कड़ाई से संज्ञान लेते हुए भारतीय मूल के एक केन्याई नागरिक को एक साल की कैद की सजा सुनाई और 25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। केन्याई नागरिक (पेरी कंसाग्रा) को अपने बेटे का संरक्षण खुद से दूर रह रही पत्नी (स्मृति मदन) से प्राप्त करने में धोखाधड़ी कर दीवानी एवं आपराधिक मानहानि करने को लेकर ( शेष पेज 2 पर )

विजय संकल्प रैली में मोदी ने कहा....

## हिमाचल में फिर से बीजेपी सरकार बनाकर नया रिवाज बनाएं

**शिमला (एजेंसी)।**

**हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में विजय संकल्प रैली में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं देश में रहूं या विदेश में, हिमाचल के साथ मेरा लगाव बना रहता है। हिमाचल के लोगों का जो स्नेह है, मैं इस ऋण को कभी चुका नहीं सकता।**

लेकिन हिमाचल का विकास कर, हिमाचल के लोगों का जीवन आसान बनाकर, मैं अपना दायित्व निभाने के लिए हर पल तैयार हूं । उन्होने कहा कि सोलन ने मुझे खूब खिलाया भी है और बहुत कुछ सिखाया भी है। इसलिए मैं सोलन का डबल कर्जदार हूं। इसलिए हिमाचल में डबल इंजन की सरकार आपके आशीर्वाद से बनेगी, मुझे पूरा विश्वास है । आगमन पर मोदी का पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया, कुछ ने पारंपरिक पोशाक पहन रखी थी। रास्ते में महिलाओं समेत कई लोगों की भीड़ थी। जो पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए पहुंचे हुए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार हिमाचल का चुनाव खास है। इस बार होने वाला एक-एक वोट अगले 25 वर्षों के लिए हिमाचल की विकास यात्रा तय करेगा। भावनात्मक रिश्ता बनाने की कोशिश करते हुए, मोदी ने कहा- मैं पहले भी कई बार सुंदरनगर का दौरा कर चुका हूं। मैंने सिराज, कुल्लू, किन्नौर, चंबा और कांगड़ा के दुर्गम इलाकों की भी यात्रा की है। यहां की सड़कें, सुंदरनगर की इतनी



खूबसूरत बीबीएमबी झील, कोई कैसे भूल सकता है। घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि, झूठे वादे करना और झूठी चुनावी गारंटी देना कांग्रेस की पुरानी चाल रही है। देश गवाह है कि कैसे कांग्रेस किसानों की कर्जमाफी के नाम पर झूठ बोलती रही है। राज्य को हर कदम पर नया बुनियादी ढांचा देने वाली डबल इंजन वाली सरकार की वकालत करते हुए मोदी ने जोर देकर कहा कि जब दिल्ली और हिमाचल में भाजपा की सरकार है तो काम तेज गति से चल रहा है। लेकिन जैसे ही कांग्रेस वापस आती है, सारा विकास ठप हो जाता है। कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रीय राजनीति में हिमाचल प्रदेश की भूमिका को कमतर आंका है क्योंकि उन्हें लगा कि राज्य छोटा है। यही कारण था कि हिमाचल कभी विकास की ऊंचाइयों पर नहीं पहुंचा। दर्शकों द्वारा मोदी-मोदी के नारे के बीच, मुख्य रूप से महिलाएं, प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य में विकास संभव हुआ है, क्योंकि लोगों ने केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा को सत्ता में लाने के लिए वोट दिया था। आज डबल इंजन वाली सरकार से हर घर में गैस सिलेंडर पहुंच गया है। हर जगह बिजली पहुंच गई है, सड़कें भी बन गई हैं, पानी भी पहुंच गया है। मोदी ने धार्मिक कार्ड खेलते हुए कहा कि भाजपा ने राम मंदिर बनाने का संकल्प लिया है। आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है। राज्य को हर कदम पर नया बुनियादी ढांचा देने वाली डबल इंजन वाली सरकार की वकालत करते हुए मोदी ने जोर देकर कहा कि जब दिल्ली और हिमाचल में भाजपा की सरकार है तो काम तेज गति से चल रहा है। लेकिन जैसे ही कांग्रेस वापस आती है, सारा विकास ठप हो जाता है। कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रीय राजनीति में हिमाचल प्रदेश की भूमिका को कमतर आंका है क्योंकि उन्हें लगा कि राज्य छोटा है। यही कारण था कि हिमाचल कभी विकास की ऊंचाइयों पर नहीं पहुंचा।

मोदी ने धार्मिक कार्ड खेलते हुए कहा कि भाजपा ने राम मंदिर बनाने का संकल्प लिया है। आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है। स्वतंत्र भारत के पहले मतदाता 106 वर्षीय श्याम सरन नेगी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, जिन्होंने तीन दिन पहले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपना वोट डाला और उनका शनिवार को उनके पैतृक स्थान कल्पा में निधन हो गया, पीएम मोदी ने कहा कि जब वह दिल्ली से आ रहे थे, तो उन्हें भारत के पहले मतदाता के निधन की दुर्भाग्यपूर्ण खबर मिली।

## सिवनी जम्बो सीताफल ब्रांड को देश-प्रदेश में लोकप्रिय बनाएँ : मुख्यमंत्री

चौहान ने सिवनी में एक जिला-एक उत्पाद के उत्पाद सीताफल का किया अवलोकन



**भोपाल (काप्र)।**

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिवनी में एक जिला-एक उत्पाद कार्यक्रम अंतर्गत उत्पाद सिवनी जम्बो सीताफल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान सीताफल के जम्बो आकार, विशिष्ट गुण तथा स्वाद आदि के संबंध में अवगत हुए।**

श्री चौहान ने सिवनी जम्बो सीताफल को लोकप्रिय बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सिवनी जम्बो सीताफल उत्पादक किसान और इसका प्र-संस्करण कर पल्प और अन्य उत्पाद बनाने वाली आजीविका मिशन की बहनों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य दिलाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ब्रांड की बेहतर मार्केटिंग कर देश- प्रदेश में इसे लोकप्रिय बनाने के भी निर्देश दिये।

सिवनी जिले में 656 हेक्टेयर क्षेत्र में 6500 मीट्रिक टन से अधिक सीताफल का उत्पादन होता है। सीताफल का वजन 600 से 700 ग्राम होने से इसका नाम सिवनी जम्बो सीताफल रखा गया है। अपने विशिष्ट आकार तथा स्वाद से इसकी देश-प्रदेश में अच्छी माँग है।

इसे विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए आजीविका मिशन के महिला स्व-सहायता समूह की सहभागिता से सीताफल की पल्प यूनिट प्रारंभ की गई है और एफपीओ का गठन किया गया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन, विधायक सर्वश्री दिनेश राय और राकेश पाल मौजूद थे।

हाई कोर्ट में बोली केंद्र सरकार

## जन गण मन और वंदे मारतम् का दर्जा बराबर, करना चाहिए सम्मान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

राष्ट्रगान जन गण मन और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का दर्जा एक समान है और नागरिकों को दोनों ही बराबर सम्मान देना चाहिए। केंद्र सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल एक जनहित याचिका पर जवाब देते हुए यह बात कही है। इस अर्जी में मांग की गई थी कि वंदे मातरम को भी वही दर्जा और सम्मान मिलना चाहिए, जो राष्ट्र गान को दिया जाता है। इसके अलावा राष्ट्रीय गीत के सम्मान को लेकर गाइडलाइंस तैयार करने की भी मांग की गई थी। इस पर हाई कोर्ट ने होम मिनिस्ट्री, शिक्षा मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय एवं कानून मंत्रालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इस अर्जी में यह भी मांग की गई है कि केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए कि वे तय करें कि हर वर्किंग डे पर स्कूलों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में जन गण मन और वंदे मातरम गाया जाए। इसके अलावा संविधान सभा में 24 जनवरी, 1950 को पारित प्रस्ताव के मुताबिक दोनों के सम्मान के लिए गाइडलाइंस तय की ( शेष पेज 2 पर )

### फील्ड में जाएं स्वास्थ्य अधिकारी डेंगू पर रखें पैनी नजर : योगी

**लखनऊ ( एजेंसी )।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में पांव पसार रहे डेंगू को लेकर शनिवार को अपने आवास पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। मुख्यमंत्री ने नोडल अफसरों को डेंगू की रोकथाम की व्यवस्थाओं को देखने के लिए दोबारा फील्ड में जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में सर्विलांस की गतिविधियां बढ़ाई जाएं। प्रदेश के सभी नगर निगम, स्थानीय निकाय साफ सफाई, फॉगिंग, एंटी लारवा स्प्रे पर विशेष अभियान चलाएं। साथ ही, मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि मिशन मोड में डॉक्टरों एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। अस्पताल पहुंचे मरीज को हर हाल में जरूरी उपचार मिलना चाहिए। इससे पहले भी मुख्यमंत्री ने 26 अक्टूबर को डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए थे।

## उद्धव ठाकरे ने पीठ में घोंपा था खंजर, लेना था बेईमानी का बदलाः फडणवीस

**मुंबई (एजेंसी)।**



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना और उद्धव ठाकरे पर एक बार हमला बोला है। फडणवीस ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने उनकी पीठ में खंजर घोंपा था। उन्होंने कहा कि शिवसेना को सीएम पद देने का कोई वादा नहीं किया गया था। सिर्फ इतना ही नहीं, उन्होंने शिवसेना पर बेईमानी का आरोप लगाते हुए यहां तक कहा डाला कि उनके जेहन में बेईमानी का बदला लेने की चाह थी। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में 2019 भाजपा और शिवसेना ने मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा था। बाद में मुख्यमंत्री पद को लेकर भाजपा और शिवसेना में मतभेद हो गए थे। इसके बाद शिवसेना ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर महाविकास अघाड़ी गठबंधन सरकार बना ली थी। वहीं, बीते जून में शिवसेना में बगावत हो गई थी। इसके बाद शिंदे गुट के विधायकों ने भाजपा के साथ सरकार बनाई, जिसमें एकनाथ शिंदे को सीएम का पद मिला। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस शनिवार को एक निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि शिवसेना को ढाई साल के लिए कोई वादा नहीं किया गया था। वहीं, शिवसेना ( शेष पेज 2 पर )

### भाजपा कार्यकर्ता हत्याकांड में एनआईए ने की छापेमारी, 3 लोग गिरफ्तार

**बेंगलुरू ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बीजेपी कार्यकर्ता प्रवीण कुमार नेट्टारे की हत्या के सिलसिले में शनिवार को मैसूर, हुबली और दक्षिण कन्नड़ जिलों में पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) के नेताओं के आवासों पर छापेमारी की। सूत्रों ने पुष्टि की कि तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मैसूर के मंडी मोहल्ला एक्सटेंशन स्थित पीएफआई के जिला महासचिव मोहम्मद सुलेमान के आवास पर भी छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि सुलिया से शफी बेल्लारे, इकबाल बेल्लारे और इब्राहिम शाह को एनएआई ने गिरफ्तार किया है। इकबाल बेल्लारे गांव के ग्राम पंचायत सदस्य हैं, जबकि शफी बेल्लारे सोशलिस्ट डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया (एसडीपीआई) के राज्य सचिव हैं। एनआईए अधिकारियों ने कहा कि सुलिया, उप्पिनंगडी, मैसूर और हुबली में छापेमारी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, एनआईए की टीम ने हाल ही में लापता हुए चार आरोपियों के सुराग के लिए लाखों रुपये के नकद इनाम की घोषणा की थी। 26 जुलाई को दक्षिण कन्नड़ जिले के बेल्लारे कस्बे में बाइक सवार बदमाशों ने भाजपा कार्यकर्ता प्रवीण पर उनकी चिकन की दुकान के सामने हमला कर दिया और उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने अपने एक साल के कार्यकाल का जश्न रद्द कर दिया था। उन्होंने प्रवीण के परिवार से मुलाकात की और सरकार की ओर से मुआवजे के रूप में 25 लाख रुपये का चेक जारी किया। पार्टी ने अलग से 25 लाख रुपये दिए थे। इस घटना ने सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ पूरे कर्नाटक में भाजपा कार्यकताओं के विरोध की एक सीरीज शुरू कर दी है। आंदोलनकारियों ने गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र के आवास को घेर लिया था, जिससे सत्ता पक्ष को भारी शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। जांच से पता चला था कि उसे हलाल कटे हुए मांस के खिलाफ अभियान शुरू करने के लिए निशाना बनाया गया था।

### मुझे मरा हुआ समझकर चला गया शूटरःइमरान

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन पर हुए जानलेवा हमले को लेकर बड़ा दावा किया है। खान ने कहा कि जिन 2 हमलावरों को मैंने खुद पर हमला करते हुए देखा, उन्होंने अगर तालमेल से काम किया होता तो आज में जिंदा नहीं होता। पूर्वी शहर वजीराबाद में विरोध मार्च के दौरान खान को गोली लगी थी। बीबीसी की रिपोर्ट के



मुताबिक, इस हमले के बाद से अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में उन्होंने अस्पताल में व्हीलचेयर पर बैठकर यह बात कही। इमरान ने कहा, क्योंकि मैं गिर गया, हमलावरों में से एक ने सोचा कि मैं मर गया और वह वहां से चला गया। वहीं, पुलिस की ओर से जारी एक वीडियो में गिरफ्तार आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया। इमरान को गोली मारने के आरोपी व्यक्ति ने कहा कि पूर्व क्रिकेटर लोगों को गुमराह कर रहा है और ऐसा करने के लिए वह उसे मारना चाहता था। आखिर किन परस्थितियों में हमलावर ने यह इकबालिया बयान दिया यह साफ नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान ( शेष पेज 2 पर )

### भाजपा की बंगाल यूनिट पर संकट जारी, हटाया जाएगा कानूनी मुखिया

**कोलकाता( एजेंसी )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल यूनिट के भीतर संकट अब भी जारी है। शीर्ष नेतृत्व ने कानूनी प्रमुख को तत्काल हटाने का आदेश दे दिया है। यह कदम राज्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के आईटी प्रमुख द्वारा कोलकाता के पोस्टा पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर दर्ज कराने के बाद उठाया गया है, जिसमें उन पर मानसिक और शारीरिक दोनों तरह के प्रताड़ना का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता और आरोपी दोनों पुरुष हैं। हालांकि, शिकायत में कहा गया है कि राज्य में पार्टी लीगल सेल का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति ने भाजयुमो आईटी प्रमुख से यौन संबंध बनाने की मांग की। दोनों कथित तौर पर पार्टी से संबंधित काम के लिए सिक्किम की यात्रा पर थे जब यह घटना हुई। शिकायतकर्ता ने कहा है कि उनके साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के दो ( शेष पेज 2 पर )

कर्मचारियों की बर्खास्तगी पर मस्क बोले-

## कोई विकल्प नहीं, रोज हो रहा 40 लाख डॉलर से अधिक का नुकसान

**नयी दिल्ली( एजेंसी )।** एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि ट्विटर के आधे कर्मचारियों को बर्खास्त करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है, क्योंकि कंपनी को प्रतिदिन 40 लाख डॉलर से अधिक का नुकसान हो रहा है। भारत सहित दुनिया भर में लगभग 3,800 कर्मचारियों को निकालने के बाद नए ट्विटर सीईओ ने कहा कि उन्होंने उन सभी को तीन महीने की तनख्वाह दी है। मस्क ने ट्वीट किया, ट्विटर के कर्मचारियों की छंटनी के अलावा दुर्भाग्य से कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि कंपनी को प्रतिदिन 4 मीलियन डॉलर का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि विज्ञापनदाताओं पर अनुचित दबाव डालने के कारण ट्विटर ने राजस्व में भारी गिरावट देखी है। मस्क ने कहा, ट्विटर किसी भी चीज के बारे में सटीक जानकारी को सेंसर नहीं करेगा। ब्लू सब्सक्रिप्शन सेवा के लिए 8 डालर चार्ज करने के संबंध में उन्होंने कहा कि मुझे पूरे दिन ट्रैश करें, लेकिन इसकी ( शेष पेज 2 पर )

**स्पेशल खबर** सुकेश ने केजरीवाल पर लगाए आरोप, कहा...

## फोन पर की थी बात, लिए थे 50 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दिल्ली की मंडोली जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से पत्र में कई सवाल किए। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री से जारी एक पत्र में पूछा, अगर मैं देश का सबसे बड़ा ठग हूं तो आपने किस आधार पर मुझसे 50 करोड़ रुपये लिए और मुझे राज्यसभा सीट की पेशकश की। सुकेश ने कहा कि उन्होंने केजरीवाल, आप नेता कैलाश गहलोत और सत्येंद्र जैन के खिलाफ दिल्ली के उपराज्यपाल के पास शिकायत भी दर्ज कराई है। इस बीच उन्होंने अपने पत्र के जरिए केजरीवाल से कई सवाल पूछे। सुकेश ने अपने पत्र में पूछा, 2016 में, केजरीवाल जी, आपने क्यों मुझसे और कारोबारियों को आम आदमी पार्टी से जोड़कर 500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए कहा था। इसके बदले मुझे पार्टी में कर्नाटक में बड़ा पद भी ऑफर किया था। सुकेश ने आरोप लगाया कि केजरीवाल आप के जेल में बंद नेता सत्येंद्र जैन के साथ 2016 में एक फाइव स्टार होटल में उनकी डिनर पार्टी में शामिल हुए थे। पत्र में केजरीवाल से पूछा, आप 2016 में सत्येंद्र जैन के साथ हयात, भीकाजी कामा प्लेस में मेरी डिनर पार्टी में क्यों शामिल हुए, जहां मैं 50 करोड़ रुपये देने के बाद रह रहा था।

मैंने आपके निर्देश पर सत्येंद्र जैन को असोला में गहलोत फार्म हाउस में इन पैसों को दिया था? उसने आगे पूछा, केजरीवाल जी, आपने मुझे क्यों मजबूर किया था?, यह सुनिश्चित करने के लिए फॉलो अप करते रहे कि बेंगलुरु के पूर्व कमिश्नर भास्कर राव नौकरी के बाद केवल %आप% में शामिल हो। सुकेश ने कहा, केजरीवाल जी, आपने 2017 में मिस्टर जैन के फोन पर मुझसे बात क्यों की, जब वह तिहाड़ जेल में मुझसे मिलने आए थे? ब्लैक आईफोन में नाम एके-2 से सेव किया था। उन्होंने कहा, केजरीवाल जी आपने मिस्टर जैन को मुझसे तमिलनाडु के कुछ विधायकों और अभिनेताओं को आप में शामिल होने के लिए मनाने के लिए कहने के लिए क्यों कहा? 2016 और 2017 में मुझ पर लगातार दबाव क्यों डाला गया? जब 2019 में जैन को जेल सुरक्षा राशि के लिए 10 और करोड़ का भुगतान किया गया तो आप ( शेष पेज 2 पर )

### ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली/लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन रोकथाम मामले में गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार देर रात नौ घंटे की पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, जांच एजेंसी के पास पर्याप्त सबूत थे, जिसके आधार पर अंसारी को गिरफ्तार किया गया। ईडी ने उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज कई प्राथमिकी के आधार पर मुख्तार अंसारी (पूर्व विधायक) और उनके सहयोगियों के खिलाफ पीएमएलए, 2002 के तहत जांच शुरू की थी। जांच के दौरान, यह पता चला कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा विकास कंस्ट्रक्शन (एक साझेदारी फर्म) के खिलाफ सार्वजनिक/सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने के बाद गोदाम बनाने के लिए दो और प्राथमिकी दर्ज की गई ( शेष पेज 2 पर )